बिहार सरकार

सहकारिता विभाग

।। अधिसूचना ।।

पटना, दिनांक– 02/06/26

संचिका संख्या–08/नि॰को॰(रा॰)विभागीय–772/2026 2944 /श्री अमित कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गोपालगंज के विरूद्ध बिना किसी पूर्वानुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के अधिसूचना ज्ञापांक–681 दिनांक–18.03.2026 द्वारा गोपालगंज जिला अंतर्गत कुल–12 समितियों में निर्धारित निर्वाचन अवधि में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहकर निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों में बाधा उत्पन्न करने की चेष्टा करने, वित्तीय वर्ष 2025–26 के मार्च माह में आवंटनों का मदवार समुचित उपयोग नहीं होने के कारण राशि का प्रत्यर्पण किया जाना, दिनांक–20.01.2026 को मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के दौरान गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा पैक्स एवं बैकुण्ठपुर प्रखंड अंतर्गत दिघवा उत्तर पैक्स में सचिव, सहकारिता विभाग द्वारा किये गये निरीक्षण का अनुपालन प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी के निदेश के बावजूद समर्पित नहीं करने के संबंध में जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं अन्य आरोपों के लिए श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) के तहत अधिसूचना निर्गत की तिथि से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि में श्री अमित कुमार का मुख्यालय–संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, सारण प्रमंडल, छपरा का कार्यालय निर्धारित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री अमित कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 में निहित प्रावधानों के तहत संबंधित स्थापना से नियमानुसार देय जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान किया जायेगा।

4. इसमें माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से,

ह॰/–

(कुमारी आरती)

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ..../ पटना, दिनांक ....

08/नि॰को॰(रा॰)विभागीय–716/2017

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं हक0), वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/ संबंधित कोषागार पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ..../ पटना, दिनांक ....

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव एवं विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक 2944 / पटना, दिनांक 02/06/26

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/सभी अपर निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/सभी संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ (अंकेक्षण सहित)/सभी उप–निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/सभी उप मुख्य अंकेक्षक, सहयोग समितियाँ/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/सभी सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई०सी०डी०पी०, पटना/सभी शीर्ष सहकारी संस्थान/प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा, समस्तीपुर/ अवर सचिव, प्रशाखा–01, सहकारिता विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/06/26

विशेष कार्य पदाधिकारी।

1/2 (1421) 02-06-2026